श्याम की सांवली सूरत | By Arun Chauhan (Raahi)

मेरी किस्मत खुल गई रे सांवरे तेरे दर पर आके
तेरे दर पर आके सांवरे तेरे दर पर आके
दीवानी हो गई रे सांवरे तुझ से नैना लड़ा के
मेरी किस्मत खुल गई रे सांवरे तेरे दर पर आके

जीवन पथ के कांटे बाबा चुन चुन दूर भगाए
अपने भगत की खातिर बाबा दौड़ा दौड़ा आए
दिलदार सांवरा मेरा मंद मंद मुस्काए
मंद मंद मुस्काए बाबा मंद मंद मुस्काए
मेरी किस्मत खुल गई रे सांवरे तेरे दर पर आके

श्याम के जैसा इस दुनिया में दूजा देव नहीं है
श्याम से यारी करके देखो ऐसा यार नहीं है
यह तो प्रीत बढ़ाए रे मेरा सांवरिया सरकार
सांवरिया सरकार मेरा सांवरिया सरकार
मेरी किस्मत खुल गई रे सांवरे तेरे दर पर आके

राही अपने दिल की बातें सबको है बतलाएं
सब के दामन हर खुशियों से श्याम मेरा भर जाए
मैं सबकी मांगे खैर सांवरा सब पर प्यार लुटाए
सब पर प्यार लुटाए सांवरा सब पर प्यार लुटाए
मेरी किस्मत खुल गई रे सांवरे तेरे दर पर आके

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%b0%e0%a4%a4-by-arun-chauhan-raahi/